# मुख्यमंत्री अंत्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना का शुंभारभ

## चर्चा में क्यों?

12 फरवरी, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी गढ़वाल के कंडोलिया मैदान से मुख्यमंत्री अंत्योदय नि:शुल्क गैस रिफिल योजना का शुंभारभ किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने 23 महिलाओं को गैस रिफिल का लाभ देकर योजना की शुरूआत की।
- इस योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को 01 वर्ष में 03 नि:शुल्क गैस रिफिल का लाभ दिया जाएगा तथा पूरे प्रदेश में लगभग 1 लाख 76 हज़ार अंत्योदय कार्ड-धारकों को इसका लाभ मिलेगा।
- मुख्यमंत्री अंत्योदय निशुल्क गैस रिफिल योजना से उत्तराखड की महिलाओं के जीवन में कल्याणकारी परिवर्तन आएगा। इस योजना से धुआँ रहित भारत की परिकल्पना को साकार करने का बल मिलेगा और महिलाओं का जीवन अधिक स्वस्थ्य और आसान हो जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि पूर्व में मुख्यमंत्री ने सस्ते गल्ले की दुकान से सस्ती दरों पर चीनी व नमक को भी वितरित करने तथा तेल व मसालों को सस्ती दरों पर देने की योजना के लिये भी कार्ययोजना बनाने की बात कही थी। इसी परिप्रेक्ष्य में यह योजना शुरू की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-chief-minister-antyodaya-free-gas-refill-scheme